1990-91 के दौरान पिरवमरोड, बेडछा, बकानिया, भौनरी, फोंड, सिटोर, बख्त, जबडी, कालापीपल, मोहम्मद खेडा, अकोदिया, बोलाई, कालीसिंध, रावटी, बजरंगगढ़ और उज्जैन स्टेशनों को विभिन्न अन्य योजनाओं में शामिल किया गया है।

(ख) 1991-92 के दौरान शुरू किए जाने वाले प्रस्तावित कार्य इस प्रकार हैं :--

1. अनूपपुर- स्टेशन की पुरानी इमारत का बदलाव
2. चंपा-- स्टेशन की इमारत में परिवर्धन और परिवर्तन
3. रायगढ़-- स्टेशन की इमारत के ढांचे मे परिवर्तन
4. सतना-- स्टेशन की इमारत के ढाचे में परिवर्तन
5. गंजबासोदा-- स्टेशन की इमारत का सौंदर्यवर्धन
6. इटारसी-- स्टेशन की इमारत में सुधार
7. घोड़ाडोंगरी प्लेटफार्म का विस्तार
8. खंडवा-- प्लेटफार्म का विस्तार

1991-92 में रेलों के निर्माण कार्यों में शामिल किए जाने वाले प्रस्तावित कार्यों की यह एक अनंतिम सूची है, बशर्ते कि धनराशि उपलब्ध हो।

इन्दौर रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त रेल डिब्बे जोड़े जाने का प्रस्ताव

177. **श्री अजीत जोगी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इन्दौर से चलने वाली सभी रेल गाड़ियां अपनी पूर्ण क्षमता से चल रही हैं ; और

(ख) यदि हा, तो क्या इन्दौर और बिलासपुर के बीच चलने वाली 8233/8234 नर्मदा एक्सप्रेस रेलगाड़ी मे भोपाल के स्थान पर इन्दौर स्टेशन पर अतिरिक्त रेल डिब्बे जोड़ने का कोई प्रस्ताव है ?

रेल मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) जी नहीं।

(ख) फिलहाल नहीं।

बिना टिकट यात्रियों की संख्या

178. **श्री अजीत जोगी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान बिना टिकट सफर करने वाले यात्रियो के विरुद्ध जोन-वार कितने-कितने मामले दर्ज किए गए, और

(ख) रेलो में बिना टिकट यात्रा को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं ?

रेल मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) सूचना नीचे दी गयी है--